(c) Creation of 'Focus Action Group' on Private Investment Promotion is in the nature of internal administrative arrangement, which is considered useful in giving focussed attention and coordinated review and follow-up. Therefore, this Group is not required to submit any report

ग्रामीण विकास हेतु उपग्रह फोन

2064. **श्री बरजिन्दर सिंह** :
श्री कपिस सिब्बल :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच हैं कि सरकार ग्रामीण अंचलों के विकास के लिए संचार प्रणाली में व्यापक सुधार लाने हेतु उपग्रह फोन स्थापित करने की योजना को कार्यान्वित करने पर विचार कर रही हैं,

(ख) यदि हां, तो योजना की विस्तृत रूपरेखा क्या हैं, और

(ग) उक्त योजना के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ) : (क) जी हां, दूरस्थ और अगम्य क्षेत्रों के लिए।

(ख) और (ग) मुख्यतः जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तर-प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों, असम तथा पूर्वोत्तर आदि जैसे दूरस्थ तथा अगम्य क्षेत्रों में उपग्रह फोन संस्थापित किए जाने का प्रस्ताव हैं । वर्ष 1999-2000, के दौरान 500 से 1000 तक उपग्रह फोन प्रदान किए जाने की संभावना हैं।

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड की सलाहकार समिति को बैठक

2065. **श्री रामजीलाल :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 17 अक्तूबर, 1998 के राष्ट्रीय सहारा में "एम0 टी0 एन0 एल0 के0 सी0 जी0 एम0 के घेराव" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया हैं,

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और उसके क्या कारण हैं,

(ग) गत दस महीनों के दौरान महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड की सलाहकार समिति की कितनी बैठकें हुई हैं

और नियमानुसार कम से कम कितने अंतराल में बैठकें बुलाया जाना आवश्यक हैं,

(घ) क्या सदस्यों ने महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड को जवाबदेह बनाने और वाणिज्यिक समस्याओं का समाधान एक सप्ताह में किए जाने की मांग भी की हैं, और

(ड़) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ) : (क) जी हां।

(ख) यह कोई घेराव नहीं था। एम0 टी0 एन0 एल0 दिल्ली की टेलीफोन सलाहकार समिति के चार-पांच सदस्य एक साथ मुख्य महाप्रबंधक नई दिल्ली से सामान्य मुलाकात के समय मिले और उन्होंने उनसे टीएसी की बैठक शीघ्र आयोजित करने का अनुरोध किया था।

(ग) नियमानुसार, टीएसी की बैठक सामान्तया तीन माह के अन्तराल में होनी चाहिए। तथापि संसद सत्र के दौरान कोई बैठक आयोजित नहीं की जाती हैं । मुंबई टीएसी की एक बैठक आयोजित नहीं की जा सकी।

(घ) और (ड़) जी नहीं । तथापि जब टीएसी की कोई बैठक न हो तब भी उसके सदस्यों द्वारा उठाए गए वाणिज्यिक या अन्य किसी मुद्दे पर विचार किया जाता हैं तथा विभागीय नियमों तथा मानदण्डों के अनुरूप उनका निपटान किया जाता हैं।

सिक्कों से चलने वाले सार्वजनिक टेलीफोन

2066. **प्रो0 रामगोपाल यादव** :

श्री ईश दत्त यादव :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सिक्कों से चलने वाली सार्वजनिक टेलीफोन व्यवस्था कब से आरंभ हुई और इसके प्रारंभ से महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड द्वारा माह-वार कितनी धनराशि अर्जित की गई,

(ख) क्या यह सच हैं कि एम0 टी0 एन0 एल0 को इस व्यवस्था के कारण प्रति माह करोड़ों रुपए का घाटा हो रहा हैं,